# Practice paper (2026-27)

**CLASS : 12th (Sr.Secondary)** **Code No.523** **SET : A**

**अनुक्रमांक** | | | | | | | | | | |

**हिंदी ऐच्छिक (Hindi Elective)** **ACADEMIC / OPEN**

**समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक: 80**

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 9 तथा 11 प्रश्न हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोडनं. को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना / पन्ने न छोडें।
- उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।
- परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। अनुक्रमांक के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।

सामान्य निर्देश:

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। तथापि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।
(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।
(iii) प्रत्येक खंड और प्रश्न के साथ आवश्यकतानुसार यथोचित 'निर्देश दिए गए हैं।
(iv) प्रश्न के उपभागों को यथा संभव क्रमिक और एक स्थान पर लिखने का प्रयास किया जाए।
(v) शुद्ध, सटीक और तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम अथवा शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।

## खंड - क

**प्रश्न-1.निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1x5=5**

इंग्लैंड की मौजूदा महारानी एलिज़ाबेथ की दादी थीं क्वीन मैरी। एलिज़ाबेथ की शादी के मौके पर महात्मा गांधी ने एक तोहफा भेजा। उसे देखकर क्वीन हैरान रह गईं। तोहफे में महात्मा ने भेजा था एक कपड़ा। जिस सूत से वह कपड़ा तैयार किया गया, उसे उन्होंने खुद काता था। उस कपड़े के बीच में लिखा था, 'जय हिंद'। जय हिंद लिखे होने से क्वीन मैरी को उतना झटका नहीं लगा, जितना उस बात से, जो बात उनके मन में यह कपड़ा देखकर उभरी। उन्हें लगा कि उसका उपयोग लँगोटी के रूप में किया जाता है। ज़ाहिर है कि ऐसा तोहफा उन्हें अच्छा नहीं लगा होगा।

यह घटना बताती है कि गांधी की वेश-भूषा ने अंग्रेजों के मन पर कैसी छाप छोड़ी थी। वह कपड़ा देखते ही क्वीन मैरी ने मान लिया कि यह लँगोट है। और शायद उसके बारे में एक उलझन बनी रही क्योंकि ऐसा लगता है कि अंग्रेज़ कभी नहीं समझ सके कि उसका क्या करना है।

साल 1921 में सितंबर की 22 तारीख को महात्मा गांधी ने तय किया कि वह अब एक ही वस्त्र पहनेंगे। वहीं पर उसी दिन से उन्होंने एक धोती को लँगोटी के रूप में पहनना शुरू किया। जगह थी मदुरै। वहीं पर उसी दिन उन्होंने एक नाई से अपना मुंडन भी कराया। अंतिम संस्कार की हिंदू रीति से मुंडन, कमर से ऊपर कोई वस्त्र नहीं होने और बिना सिले कपड़े को जो प्रतीक है, वह सोच-समझकर अपनाया गया। गांधी ने कहा था, साल खत्म होने वाला है और स्वराज हमें अब भी नहीं मिल सका। इम सब शोक में हैं और यह बात हमें सता रही है।

गांधी के उस फैसले की छाप खादी के बारे में उनके विचारों में दिखती है। और इस बात में भी उन्होंने किस तरह खुद को गरीबों की पंक्ति में खड़ा कर दिया और अपनी पहचान उनके साथ जोड़ ली। गांधी को इस दिक्कत का अहसास भी हुआ कि लोगों को खादी को अपनाना महँगा था। विदेशी मिलों में बने कपड़े खादी से कम दाम पर बेचे जा सकते थे।

यह ऐसी परेशानी है, जिसका सामना हस्तशिल्प वाली हर चीज़ को करना ही पड़ता है, जब उसका मुकाबला मिलों में बनी चीज़ से होने लगता है। गांधी अगर इस समस्या से निजात नहीं दिला सकते थे, तो कम से कम यह तो दिखा ही सकते थे कि ज़रूरत भर का कपड़ा इस्तेमाल कर, खर्च किस तरह कम रखा जा सकता है। यही उन्होंने किया लँगोटी पहनकर। लोगों को उन्होंने याद दिलाया, हमारी जलवायु ऐसी है कि गरमी के महीनों में हमें ज़्यादा कपड़ों की ज़रूरत नहीं होती। कपड़ों के बारे में कोई दिखावा नहीं होना चाहिए। हमारी तहज़ीब में तो वैसे भी इस बात पर कभी जोर नहीं रहा कि पुरुष अपना पूरा शरीर ढकें।

लेकिन इस आखिरी दलील को लेकर गांधी के मन में कुछ हिचक थी क्योंकि खिलाफ़त आंदोलन के ज़रिए वह कोशिश कर रहे थे की हिंदुओं और मुसलमानों में एकता हो जाए ।

सुशीला नायर ने अपने भाई प्यारेलाल के साथ मिलकर गांधी की जीवनी लिखी । उसके पाँचवें खंड में उन्होंने लिखा, उन्हें इस बात का डर था की उनके लँगोटी पहनने पर कुछ लोग ऐतराज कर सकते थे । वह तो बी॰ अम्मा ने भरोसा दिलाया, तब जाकर गांधी जी की हिचक खत्म हुई । बी॰ अम्मा का असल नाम आबादी बानो बेगम था ।

वह खिलाफ़त आंदोलन के नेताओं मौलाना मुहम्मद अली जौहर और मौलाना शौकत अली की माँ थीं। बी॰ अम्मा असहयोग आंदोलन और खिलाफ़त आंदोलन में खुद भी शामिल हुई।

1

महात्मा गांधी ने एलिज़ाबेथ की शादी के मौके पर क्या उपहार भेजा था?

क) तोहफा

ख) कपड़ा

ख) लँगोटी

घ) मजाक

2

गांधी ने एक ही वस्त्र में रहने का निर्णय क्यों लिया था ?

क) बिना सिले कपड़े पहनने के कारण

ख) हिंदू रीति अपनाने के कारण

ग) भारतीयों के समान दिखने के कारण

घ) दुखी होने के कारण

3

गांधी जी की जीवनी किसने लिखी थी?

क) प्यारेलाल ने

ख) महादेव ने

ग) मुहम्मद अली ने

घ) सुशीला नायर ने

4

लँगोट पहनने को लेकर गांधी के मन में हिचक क्यों थीं?

क) अपनी दलील के प्रति शंका के कारण

ख) आधा शरीर नंगा रहने के कारण

ग) कुछ लोगों के संभावित विरोध के कारण

घ) उपर्युक्त सभी

5

गांधी द्वारा भेजे गए तोहफे को देखकर क्वीन के हैरान होने का क्या कारण रहा होगा ?

क) गांधी से इस प्रकार मजाक की उम्मीद नहीं थी

ख) तोहफे में कपड़े को देखकर

ग) कपड़े पर जय हिंद लिखे होने से

घ) लँगोट के लिए प्रयोग होने वाले कपड़े को देखकर।

**प्रश्न-2 निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1x5=5**

**आज जीत की रात**
**पहरुए, सावधान रहना।**
**खुले देश के द्वार**
**अचल दीपक समान रहना**
**प्रथम चरण है नये स्वर्ग का**
**है मंजिले का छोर**
**इस जन-मंथन से उठ आई**
**पहली रतन हिलोर**
**अभी शेष है पूरी होना**
**जीवन मुक्ता डोर**
**क्योंकि नहीं मिट पाई दुख की**
**विगत साँवली कोर**
**ले युग की पतवार**
**बने अंबुधि समान रहना**
**पहरुए, सावधान रहना**
**ऊँची हुई मशाल हमारी**
**आगे कठिन डगर है।**
**शत्रु हट गया, लेकिन उसकी**
**छायाओं का डर है,**
**शोषण से मृत है समाज ,**
**कमज़ोर हमारा घर है।**
**किंतु आ रही नई जिंदगी**
**यह विश्वास अमर है।**

**प्रश्न**

**(क) कविता देश की कौन-सी सुखद घटना की ओर संकेत करती है?**
**(i) युद्ध में जीत**
**(ii) 15 अगस्त की सुखद घटना**
**(iii) गणतंत्र दिवस की सुखद घटना**
**(iv) विपत्तियों से छुटकारे की रात**

**(ख) 'पहरुए' की 'दीपक' और 'अंबुधि' के समान बने रहने को क्यों कहा गया है?**
**(i) क्योंकि दीपक ही प्रकाश देता है और अपनी गहराई से सबको प्रेरणा देता है।**

**(ii) दीपक और सागर के समान परोपकारी बनने की प्रेरणा**

**(iii) दीपक और सागर के समान अटल बनने की प्रेरणा**

**(iv) दीपक और सागर की तरह महान बनने की प्रेरणा**

**ग) शोषण से मृत है समाज कमज़ोर हमारा घर है - पंक्ति का अर्थ क्या है?**

**(i) देश की हालत खास्ता है।**

**(ii) देश की आर्थिक स्थिति दयनीय है।**

**(iii) देश की सामाजिक स्थिति ठीक नहीं है।**

**(iv) देश की आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक व्यवस्था कमजोर है।**

**(घ) 'ले युग की पतवार बने अंबुधि समान रहना' पंक्ति में अलंकार है?**

**(i) उत्प्रेक्षा**

**(ii) रूपक**

**(iii) उपमा**

**(iv) मानवीकरण**

**ड़) "खुले देश के द्‌वार" से क्या अभिप्राय है?**

**(i) देश में त्योहार है**

**(ii) देश स्वतंत्र हो गया है**

**(iii) लोग यात्रा कर रहे हैं**

**(iv) नए घर बन रहे हैं**

## खंड -ख

**प्रश्न-3 निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए: 1x5=5**

1) अमझर का क्या अर्थ है ?

क) आमो का झरना

ख) नदी का नाम

ग) सत्याग्रह का नाम

घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

**2)** लेखक किस संघ का कार्यकारी महामंत्री था?

(क)अफ्रो एशियाई

(ख) एशिया यूरोपीय

(ग)अफ्रो एंटार्कटिका

(घ)यूरोप

3) बड़ी बहुरिया ने हरगोबिन को आँख के इशारे से थोड़ी देर चुप बैठने के लिए क्यों कहा होगा?

(क)महत्वपूर्ण बात होने के कारण

(ख) हिम्मत जुटाने के लिए

(ग) संवाद की गंभीरता के कारण

(घ) किसी अन्य के होने के कारण

4) बालक ने सीखा सिखाया कौन सा उत्तर दिया?

क)मैं यावज्जन्म लोकसेवा करूँगा।

ख)मैं यावज्जन्म पढाई करूंगा।

ग)मैं यावज्जन्म शिक्षण कार्य करूँगा।

घ)उपरोक्त सभी

5) लेखक रामचंद्र शुक्ल को किस आयु में लेखकों की मंडली मिल गई थी?

(क) सोलह वर्ष की आयु में

(ख) बीस वर्ष की आयु में

(ग) दस वर्ष की आयु में

(घ) पच्चीस वर्ष की आयु में

**प्रश्न-4) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:**
**1x5= 5**

"राजा ने कहा कि यह प्रजा बड़ी अच्छी है। यह बहरी है। सुनती कुछ नहीं। यह गूँगी है। बोलती कुछ नहीं। यह अंधी है। देखती कुछ नहीं। राजा को ऐसी ही प्रजा चाहिए थी। राजा ने अपने दरबारियों से कहा कि ऐसी ही प्रजा हर एक राज्य में होनी चाहिए। दरबारी हँसे और उन्होंने राजा की हाँ में हाँ मिलाई। राजा ने ऐलान करवा दिया कि सभी प्रजा को बहरी, गूँगी और अंधी होना चाहिए। प्रजा ने राजा के इस आदेश को सहर्ष स्वीकार कर लिया।"

---

**प्रश्न 1: राजा के अनुसार कैसी प्रजा 'बड़ी अच्छी' होती है?**

(क) जो राजा के गुणों का बखान करे

(ख) जो बहरी, गूँगी और अंधी हो

(ग) जो पढ़ी-लिखी और समझदार हो

(घ) जो अपना कार्य स्वयं करे

**प्रश्न 2: राजा के आदेश पर दरबारियों ने कैसी प्रतिक्रिया दी?**

(क) राजा के आदेश का विरोध किया

(ख) राजा को समझाने का प्रयास किया

(ग) हँसकर राजा की हाँ में हाँ मिलाई

(घ) राज्य छोड़ कर चले गए

**प्रश्न 3: राजा के ऐलान के बाद प्रजा ने क्या किया?**

(क) राजा के आदेश को सहर्ष स्वीकार कर लिया

(ख) राजा के खिलाफ विद्रोह कर दिया

(ग) आदेश मानने से इंकार कर दिया

(घ) राजा को पद से हटा दिया

**प्रश्न 4: प्रस्तुत लघुकथा 'पहचान' के रचयिता कौन हैं?**

(क) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(ख) असगर वजाहत

(ग) ममता कालिया

(घ) निर्मल वर्मा

**प्रश्न 5: इस लघुकथा में 'राजा' किस व्यवस्था का प्रतीक है?**

(क) प्रजातंत्र की

(ख) तानाशाही या निरंकुश शासन व्यवस्था की

(ग) सामंती व्यवस्था की

(घ) पूँजीवादी व्यवस्था की

**प्रश्न-5) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 3+3+2+2=10**

(क अखबार वाली घटना से नेहरू जी के व्यक्तित्व की कौन सी विशेषता स्पष्ट होती है?

(ख) कुटज के जीवन से हमें क्या सीख मिलती है?

(ग) पाठ के आधार पर हर की पौड़ी पर होने वाली गंगा जीघी आरती का भाव पूर्ण वर्णन अपने शब्दों में

कीजिए।

(घ) उपाध्याय बद्री नारायण चौधरी 'प्रेमघन' की पहली झलक लेखक ने किस प्रकार देखी?

**प्रश्न-6) निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए: 1X5=5**

1. कार्नेलिया का गीत कविता में उड़ते खग निम्नलिखित में से किस विशेष अर्थ की व्यंजना करते हैं?
   (क)प्राकृतिक सौंदर्य को देख व्यक्तियों का आनंदित होना ।
   (ख) पंख फैलाकर उड़ते पक्षियों का समूह।
   (ग)देश के बाहर से आए हुए व्यक्तियों का समूह।
   (घ)देश के बाहर से आए हुए पक्षियों का समूह।
2. कवि के अनुसार बनारस में जब वसंत आता है तो क्या होता है?
   (क) धूल का बवंडर उठना है और लोगों के मुंह में धूल भर जाती है।
   (ख) बर्फबारी होती है और सभी लोग घरों में बंद हो जाते हैं
   (ग) फूलों की महक फैलती है और सब खुशी-खुशी बैठ जाते हैं
   (घ) बर्फ के गिरने से सड़कों पर बच्चे खेलते हैं
3. चारों ओर किसकी सुगंध आती है?
   (क) मलयानल की
   (ख) आरती की
   (ग) औषधि की
   (घ) जल की

**4.** बारहमासा में रानी नागमती किसके वियोग में व्यथित है?
   (क) राजा रत्नसेन
   (ख) राजा बीसलदेव
   (ग) राजा परमाल
   (घ) राजा उदय सिंह

5. कौन किसके लिए राघव का संबोधन कर रहा है?
   (क) कैकेयी भरत के लिए
   (ख) कौशल्या राम के लिए
   (ग) दशरथ भरत के लिए
   (घ) सुमंत लक्ष्मण के लिए

**प्रश्न-7 निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए: 5x1=5**

लघु सुरधनु से पंख पसारे शीतल मलय समीर सहारे।
उड़ते खग जिस ओर मुँह किए- समझ नीड़ निज प्यारा ।

**अथवा**

यह दीप अकेला स्नेह भरा है गर्व भरा मदमाता, पर इसको भी पंक्ति को दे दो।
यह जन है- गाता गीत जिन्हें फिर और कौन गाएगा ?
पनडुब्बी ये मोती सच्चे फिर कौन कृती लाएगा ?
यह समिधा ऐसी आग हठीला बिरला सुलगाएगा।
यह अद्‌वितीय यह मेरा यह मैं स्वयं विसर्जित
यह दीप, अकेला, स्नेह भरा है गर्व भरा मदमाता, पर इसको भी  को दे दो। -

**प्रश्न-8 )निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**
**3+3+2+2**

(क) “खाली कटोरो में बसंत का उतरना” से क्या आशय है?
(ख) गीत और मोती की सार्थकता किससे जुड़ी हुई है?
(ग) अगहन मास की विशेषता बताते हुए विरहिनी की व्यथा कथा का चित्रण अपने शब्दों में कीजिए?
(घ) देवसेना की हार या निराशा के क्या कारण है?

## खंड. ग

**प्रश्न-9 'अंतराल (भाग - 2)' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन के उत्तर दीजिए: 2+2+3**

(क) बिसनाथ पर क्या अत्याचार हो गया?
(ख) ‘चूल्हा  ठंडा किया होता, तो दुश्मनों का कलेजा कैसे ठंडा होता? नायक राम के इस कथन में निहित भाव को स्पष्ट कीजिए।
(ग) महीप अपने विषय में बात पूछे जाने पर उसे टाल क्यों देता था?

## खंड - घ

**प्रश्न-10 'अभिव्यक्ति और माध्यम' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

(क) **1x5=5**

(i) लाइव से आपका क्या अभिप्राय है?
(ii) रेडियो समाचारों की भाषा कैसे होनी चाहिए?
(iii) एंकर बाइट की उपयोगिता पर प्रकाश डालिए?
(iv) सर्वाधिक खर्चीला जनसंचार माध्यम कौन सा है।

(V) डेडलाइन से आपका क्या अभिप्राय है।

ख) 3+2 =5

1) प्रिंट माध्यम की खूबियां और खामियां लिखें।

2) उल्टा पिरामिड शैली से आपका क्या अभिप्राय है?

(ग)निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर एक लेख लिखिए। 5

(i) नेता नहीं नागरिक चाहिए।

(ii) मोबाइल फोन और विद्यार्थी

## खंड-ड.

**प्रश्न-11 'नैतिक शिक्षा' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नोंके उत्तर दीजिए: 2x4=8**

(क) सन 1965 के युद्ध में पाकिस्तान ने टैंक कहां से प्राप्त किये?

(ख) असेंबली में बम कब और किसने फेंका?

(ग)लंदन के इंडिया हाउस में मदनलाल ढींगरा की मुलाकात किन भारतीयों से हुई?

(घ)गीता के अनुसार जगत की उत्पत्ति के क्रम का वर्णन करें।